संत थॉमस स्कूल धुर्वा, राँची

विषय - हिन्दी **पुस्तक - दिव्य भारती**

पाठ - 9

रहस्य की बात

शब्दार्थ :-

अपमानित - बेइज्जत

कलंक - दोष, आरोप

कामधेनु - पुराणानुसार एक गाय,जिससे जो कुछ माँगा,वही मिलता है,सुरभि

व्यसन - बुरी आदत

किफायत - बचत

प्रश्न - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

क) समर और अमर में से कौन बड़ा था ?

उत्तर- समर और अमर में से अमर बड़ा था।

ख) छोटे भाई का स्वभाव कैसा था ?

उत्तर - छोटे भाई का स्वभाव झगड़ालू था।

ग) एक दिन दोनों भाइयों में तकरार क्यों हुई ?

उत्तर - एक दिन खेतों में पानी लगाने के मामले में दोनों भाईयों में तकरार हो गई ।

घ) दोनों भाइयों ने गाय खरीदने के लिए पैसा कहाँ से जुटाया ?

उत्तर - दोनों भाइयों ने गाय खरीदने के लिए पैसा सहकारी बैंक से जुटाया ।

ड.) घर का बंटवारा क्यों हुआ ?

उत्तर - पिता की मृत्यु के बाद दोनों भाइयों में निभ न पाई क्योंकि उनकी पत्नियों की आपस में नहीं बनती थी इसलिए घर का बंटवारा हो गया ।

च) बड़े भाई में कौन - कौन सी अच्छी आदतें थी ?

उत्तर - बड़ा भाई बहुत समझदार था । सोच समझकर खर्च करता था । बुरे दिनों के लिए कुछ अवश्य बचाकर रखता था ।

छ) कालिंदी ने बड़े भैया की खुशहाली का क्या कारण बताया ?

उत्तर - कालिंदी ने बड़े भैया की खुशहाली के बारे में कहा कि- " मुझे लगता है, पिता जी जो गहने आदि छोड़ गए थे,उसका बड़ा हिस्सा बड़े भैया ने अपने पास रख लिया है।उसी से ये मौज़ - मस्ती कर रहें हैं।

ज) छोटा भाई अपना दुश्मन खुद कैसे हैं ?

उत्तर - छोटे भाई ने सहकारी बैंक से गाय खरीदने के लिए जो कर्ज लिया था उसे अपने बेटे के मुंडन में खर्च कर डाले।छोटे भाई ने अनेक व्यसन पाल रखे थे।

झ) बड़े भैया ने कौन - सी बात गाँठ बाँध लेने को कही ?

उत्तर - बड़े भैया ने छोटे भाई को समझाते हुए कहा कि- "धन जोड़ने का संबंध आमदनी से नहीं बचत से होती है।जिस दिन तुम यह रहस्य समझ जाओगे, तुम्हारी समस्या खुद ही सुलझ जाएगी ।"

प्रश्न - किसने किससे कहा ?

i) कालिंदी ने समर से कहा।

ii) समर ने अमर से कहा।

iii) अमर ने समर से कहा।

iv) समर ने अमर से कहा।

संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, रॉची–4

सत्र (2021–22)

कक्षा – 5	**पाठ – 10**	**पुस्तक – अपराजिता**
विषय – हिन्दी	**क्रिया**	**हिन्दी व्याकरण**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

उत्तर–(क) जिस शब्द के द्वारा किसी कार्य के करने या होने का बोध होता है, उसे क्रिया कहते हैं।

उदाहरण के लिए – रीमा नृत्य कर रही हैं।

किसान हल चला रहा है। आदि।

उत्तर–(ख) क्रिया के दो भेद हैं– (i) – सकर्मक क्रिया (ii) – अकर्मक क्रिया

(i) सकर्मक क्रिया– जिन वाक्यों में कर्म हो वह सकर्मक क्रियाएँ होती है।

जैसे– मूर्तिकार मूर्ति बना रहा है।

आयुष बाँसुरी बजा रहा है।

(ii) अकर्मक क्रिया– जिन वाक्यों में कर्म नहीं रहता हो, वे अकर्मक क्रिया होती है।

जैसे– बच्चा रो रहा है।

नेहा हँसती है।

2, निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द छाँटिए और वाक्य के सामने क्रिया के भेद लिखिए:–

उत्तर–	**क्रिया शब्द**	**क्रिया के भेद**
	(क) खा रहा है।	सकर्मक क्रिया
	(ख) जगमगा रहे है।	सकर्मक क्रिया
	(ग) उड़ा रहा है।	सकर्मक क्रिया
	(ध) नाच रही है।	अकर्मक क्रिया
	(ड़) लगा रहा है।	सकर्मक क्रिया

3, क्रिया का सही रूप भरकर वाक्य पूरे कीजिए

(क) पाया

(ख) पढ़ाया

(ग) गाया

(ध) खेलो

(ड़) सजाकर

4. सही मिलान कर वाक्य बनाइए :–

उत्तर– (क) सूरज पूर्व दिशा से निकलता है।

(ख) करण रोज सुबह दान किया करता था।

(ग) जयंत विद्यालय जायेगा।

(ध) मेरी माँ खाना पका रही है।

(ड़) आयुषी हरिद्वार धूमने जाएगी।

5. निम्नलिखित क्रियाओं का उचित धातु से मिलान कीजिए :–

उत्तर– (क)	नाची	–	नाच
(ख)	गाना	–	गा
(ग)	बैठना	–	बैठ
(ध)	करना	–	कर
(ड़)	देखना	–	देख

6. नीचे चित्रों को देखकर वाक्य बनाइए और उनमें आए क्रिया शब्दों को रेखाकिंत कीजिए :–

उत्तर– (क) बारिश <u>हो रही है</u>।

(ख) लड़का टी. वी. <u>देख रहा है</u>।

(ग) दादी जी अखबार <u>पढ़ रहे हैं</u>।

(ध) कुत्ता <u>भौंक रहा है</u>।

(ड़) शेर <u>दहाड़ रहा है</u>।

(च) बच्चे <u>खेल रहे है</u>।

———— x ———— x ————